155. द्रव्यमान M और त्रिज्या R का कोई एकसमान गोला किसी समतल पृष्ठ पर बिना फिसले इस प्रकार लुढ़क रहा है कि इसका केन्द्र v_{cm} की चाल से गति करता है । यदि इसके घूर्णन की गतिज ऊर्जा k_r तथा स्थानान्तरण की गतिज ऊर्जा k_t है, तो अनुपात (k_r/k_t) है –

(1) 1/5 (2) 2/5

(3) 1/3 (4) 1/2

156. A copper wire of length 2m, cross-sectional area 7.0×10^{-6} m^2 and Young's modulus 11×10^{10} N/m^2 has a 200 kg load hung on it. The increase in its length is close to (take $g = 10$ m/s^2)

(1) 0.5 mm (2) 1.1 mm
(3) 2.5 mm (4) 5.2 mm

157. A certain wire stretches l_1 cm when a force F is applied to it. The same force is applied to a wire of the same material but twice the diameter and twice the length. The extension of the second wire is l_2. The ratio (l_2/l_1) is

(1) 1/4 (2) 1/2
(3) 1 (4) 2

158. The density of oil is 800 kg/m^3 and of the water is 1000 kg/m^3. The height h of the column of the oil shown in the figure is



(1) 2 cm (2) 4.5 cm
(3) 7.2 cm (4) 10 cm

159. A fully loaded aircraft has a mass M and its total wing area is A. It is in level flight with an average speed of v. Let v_1 be the speed of air under the bottom surface and v_2 the speed of air over the upper surface of the wings. ρ is the density of air and g is the acceleration due to gravity. Neglecting the height difference between the upper surface and the bottom surface, the difference $(v_2 - v_1)$ can be expressed as (nearly)

(1) $\frac{Mg}{\rho A v}$ (2) $\frac{Mg}{2\rho A v}$
(3) $\frac{2Mg}{\rho A v}$ (4) $\frac{Mg}{\rho A v\sqrt{2}}$

156. किसी ताँबे के तार जिसकी लम्बाई 2m, अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल 7.0×10^{-6} m^2 तथा यंग गुणांक 11×10^{10} N/m^2 है, से 200 kg का बोझ लटका है । इस तार की लम्बाई में होने वाली वृद्धि निम्न में से किसके निकटतम होगी ? ($g = 10$ m/s^2 लीजिए)

(1) 0.5 mm (2) 1.1 mm
(3) 2.5 mm (4) 5.2 mm

157. कोई तार बल F आरोपित किए जाने पर लम्बाई में l_1 cm की वृद्धि कर लेता है । समान बल को समान पदार्थ परन्तु लम्बाई में दो गुने और व्यास में दो गुने तार पर आरोपित किया जाता है । दूसरे तार की लम्बाई में होने वाली वृद्धि l_2 है । अनुपात (l_2/l_1) है

(1) 1/4 (2) 1/2
(3) 1 (4) 2

158. तेल का घनत्व 800 kg/m^3 और जल का घनत्व 1000 kg/m^3 है । आरेख में दर्शाए गए तेल के स्तम्भ की ऊँचाई h है –



(1) 2 cm (2) 4.5 cm
(3) 7.2 cm (4) 10 cm

159. किसी पूरी तरह लदे वायुयान का द्रव्यमान M और उसकी पंखुडियों का कुल क्षेत्रफल A है । यह समतल उड़ान में औसत चाल v से गति कर रहा है । मान लीजिए, इसके पंखों के तलीय पृष्ठ पर वायु की चाल v_1 तथा ऊपरी पृष्ठ पर वायु की चाल v_2 है । वायु का घनत्व ρ तथा गुरुत्वीय त्वरण g है । निचले पृष्ठ और ऊपरी पृष्ठ के ऊँचाई अंतर की उपेक्षा करते हुए, $(v_2 - v_1)$ के अन्तर को (निकटतम रूप में) इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है –

(1) $\frac{Mg}{\rho A v}$ (2) $\frac{Mg}{2\rho A v}$
(3) $\frac{2Mg}{\rho A v}$ (4) $\frac{Mg}{\rho A v\sqrt{2}}$

163. Four slabs of different materials with equal thickness and area of cross-section, are placed side by side, as shown in figure. Heat flows from left to right and steady-state temperature of faces / interfaces are as indicated. The thermal conductivities of materials are related as



(1) $K_1 < K_2 < K_3 < K_4$

(2) $K_2 < K_3 < K_4 < K_1$

(3) $K_3 < K_4 < K_1 < K_2$

(4) $K_3 < K_4 < K_2 < K_1$

164. One gram of liquid water at 100 °C is converted to steam at 100 °C at standard atmospheric pressure (1.01×10^5 Pa). The volume changes from 1 cm^3 to 1671 cm^3. The latent heat of vaporisation of water is 2260 J/g. The change in internal energy of the system, during this process, is close to

(1) 1.03 kJ (2) 3.12 kJ

(3) 2.09 kJ (4) 40.5 kJ

165. When 0.15 kg of ice of 0 °C is mixed with 0.30 kg of water at 50 °C in a container, the resulting temperature is found to be 6.7 °C. The latent heat of fusion of ice is close to (Take specific heat capacity of water as 4.2×10^3 J kg^{-1} K^{-1})

(1) 1.68×10^4 J kg^{-1}

(2) 3.36×10^5 J kg^{-1}

(3) 2.41×10^5 J kg^{-1}

(4) 4.58×10^4 J kg^{-1}

163. समान मोटाई और समान अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल की चार पट्टिकाएँ, जिनके पदार्थ भिन्न हैं, आरेख में दर्शाए अनुसार एक-दूसरे के साथ सटाकर रखी गयी हैं । इनमें ऊष्मा का प्रवाह बायीं से दायीं ओर है, तथा पृष्ठों/अन्तरापृष्ठों के स्थायी अवस्था ताप आरेख में दर्शाए अनुसार हैं । इन पदार्थों की ऊष्मा चालकताएँ जिस प्रकार संबंधित हैं, वह है



(1) $K_1 < K_2 < K_3 < K_4$

(2) $K_2 < K_3 < K_4 < K_1$

(3) $K_3 < K_4 < K_1 < K_2$

(4) $K_3 < K_4 < K_2 < K_1$

164. 1 ग्राम द्रव जल को 100 °C ताप पर मानक वायुमण्डलीय दाब (1.01×10^5 Pa) पर 100 °C की भाप में परिवर्तित किया गया । आयतन 1 cm^3 से 1671 cm^3 में परिवर्तित हो गया । जल के वाष्पन की गुप्त ऊष्मा 2260 J/g है । इस प्रक्रम में निकाय की आन्तरिक ऊर्जा में परिवर्तन निम्नलिखित में से किसके निकटतम है ?

(1) 1.03 kJ (2) 3.12 kJ

(3) 2.09 kJ (4) 40.5 kJ

165. 0 °C के 0.15 kg बर्फ को 50 °C के 0.30 kg जल में मिलाने पर बने मिश्रण का परिणामी ताप 6.7 °C पाया गया । बर्फ के गलन की गुप्त ऊष्मा (जल की विशिष्ट उष्माधारिता 4.2×10^3 J kg^{-1} K^{-1} लेते हुए) निकटतम है –

(1) 1.68×10^4 J kg^{-1}

(2) 3.36×10^5 J kg^{-1}

(3) 2.41×10^5 J kg^{-1}

(4) 4.58×10^4 J kg^{-1}

166. A heat engine operates between a pair of hot and cold reservoirs with respective temperatures of 227 °C and –73 °C. The maximum efficiency of the engine is

(1) 30% (2) 40%

(3) 50% (4) 60%

167. The temperature at which atoms of helium gas have the same root mean square speed as the molecules of hydrogen gas have at 27 °C (Molar mass of hydrogen and helium are 2.0 g/mol and 4.0 g/mol respectively), is

(1) 54 °C (2) 108 °C

(3) 223 °C (4) 327 °C

168. Figures (a), (b), (c) and (d) show pressure versus volume graphs, for a gas undergoing four different cyclic processes, as indicated.

The maximum work is done, by the gas, in the process represented by the figure



(1) (a) (2) (b)

(3) (c) (4) (d)

166. कोई ऊष्मा इंजन गर्म और ठंडे ऊष्मा भण्डारों के युगल जिनके ताप क्रमशः 227 °C और –73 °C हैं, के बीच प्रचालित होता है । इस इंजन की अधिकतम दक्षता है

(1) 30% (2) 40%

(3) 50% (4) 60%

167. वह ताप कौन सा है जिस पर हीलियम गैस के परमाणुओं की वर्ग माध्य मूल चाल 27 °C पर हाइड्रोजन गैस के अणुओं की वर्ग माध्य मूल चाल के समान होती है (हाइड्रोजन और हीलियम के मोलर द्रव्यमान क्रमशः 2.0 g/mol और 4.0 g/mol हैं) ?

(1) 54 °C (2) 108 °C

(3) 223 °C (4) 327 °C

168. आरेखों (a), (b), (c) और (d) में, किसी गैस के जो दर्शाए अनुसार चार भिन्न चक्रीय प्रक्रियाओं से गुजरती है, दाब और आयतन के बीच ग्राफ दिए गए हैं ।



गैस द्वारा किया गया अधिकतम कार्य जिस प्रक्रिया में दर्शाया गया है उसे निरूपित करने वाला आरेख है

(1) (a) (2) (b)

(3) (c) (4) (d)

169. A particle executes linear simple harmonic motion with frequency 0.40 Hz about the point $x = 0$. At $t = 0$, its displacement is 0.57 cm and velocity is zero. The displacement at time t is given by

(1) $x(t) = (0.57\text{ cm})\cos\left(\frac{4\pi}{5}t\right)$

(2) $x(t) = (0.57\text{ cm})\sin\left(\frac{4\pi}{5}t\right)$

(3) $x(t) = (0.57\text{ cm})\cos\left(\frac{4\pi}{5}t + \frac{\pi}{4}\right)$

(4) $x(t) = (0.57\text{ cm})\sin\left(\frac{4\pi}{5}t + \frac{\pi}{4}\right)$

170. A 0.4 kg mass on a spring, that has been compressed 0.10 m, has elastic potential energy of 1.0 J. How much further must the spring be compressed so that the elastic potential energy is tripled ?

(1) 0.073 m (2) 0.173 m
(3) 0.232 m (4) 0.315 m

171. A block of mass m is attached to the end of a spring (of spring constant k). The other end of the spring is fixed to a rigid wall. The block is set into oscillation with amplitude A. Its maximum speed is

(1) $A\sqrt{k/m}$ (2) $A\sqrt{m/k}$
(3) $A^2 k/m$ (4) $A^2 m/k$

172. The wave velocity in a guitar string of length l and radius r, made of a material of density ρ, is v. If another string, of same length and radius, but made of a material of density 3ρ, is used, the wave velocity is nv, under the same tension. The value of n is

(1) 0.58 (2) 1.00
(3) 1.73 (4) 3.00

169. कोई कण किसी बिन्दु $x = 0$ के गिर्द 0.40 Hz आवृत्ति के साथ रैखिक सरल आवर्त गति कर रहा है । समय $t = 0$, पर इसका विस्थापन 0.57 cm और वेग शून्य है । समय t पर इसके विस्थापन को निम्नलिखित में से किसके द्वारा व्यक्त किया जा सकता है ?

(1) $x(t) = (0.57\text{ cm})\cos\left(\frac{4\pi}{5}t\right)$

(2) $x(t) = (0.57\text{ cm})\sin\left(\frac{4\pi}{5}t\right)$

(3) $x(t) = (0.57\text{ cm})\cos\left(\frac{4\pi}{5}t + \frac{\pi}{4}\right)$

(4) $x(t) = (0.57\text{ cm})\sin\left(\frac{4\pi}{5}t + \frac{\pi}{4}\right)$

170. किसी कमानी जिसे 0.10 m संपीडित कर दिया गया है, पर किसी 0.4 kg द्रव्यमान की प्रत्यास्थ स्थितिज ऊर्जा 1.0 J है । इस कमानी को और अधिक कितना संपीडित किया जाए ताकि इसकी प्रत्यास्थ स्थितिज ऊर्जा तीन गुनी हो जाए ?

(1) 0.073 m (2) 0.173 m
(3) 0.232 m (4) 0.315 m

171. कमानी नियतांक k की किसी कमानी के एक सिरे से द्रव्यमान m का कोई गुटका बंधा है । इस कमानी का दूसरा सिरा किसी दृढ़ दीवार से जुड़ा है । इस गुटके को आयाम A के साथ दोलायमान किया जाता है । इसकी अधिकतम चाल है

(1) $A\sqrt{k/m}$ (2) $A\sqrt{m/k}$
(3) $A^2 k/m$ (4) $A^2 m/k$

172. घनत्व ρ के पदार्थ की बनी त्रिज्या r और लम्बाई l की किसी गीटार की डोरी में तरंग वेग v है । यदि समान लम्बाई और त्रिज्या की किसी अन्य डोरी, जिसके पदार्थ का घनत्व 3ρ है, को समान तनाव के साथ उपयोग किया जाता है तो तरंग वेग nv हो जाता है । n का मान है –

(1) 0.58 (2) 1.00
(3) 1.73 (4) 3.00

173. Consider the following two situations in which a source emits sound with a frequency of 900 Hz. The velocity of sound (v_s) in air is 340 m/s.

I. Source is moving at speed $v_s/3$ toward an observer at rest.

II. Observer is moving at speed $v_s/3$ toward the source that is stationary

The frequencies of sound heard by the observers in the two situations are :

(1) I : 1350 Hz; II : 1200 Hz

(2) I : 1200 Hz; II : 1350 Hz

(3) I : 1200 Hz; II : 1200 Hz

(4) I : 1350 Hz; II : 1350 Hz

174. Two charges A and B, A of 2μC and B of 3μC, are placed at points (0, 0) and (3 cm, 4 cm) respectively. Let $\hat{i}$ and $\hat{j}$ denote unit vectors along X-axis and Y-axis. The force, exerted by charge A on charge B, is

(1) $(21.6\ N)(\hat{i}+\hat{j})$

(2) $(12.96\ N)\,\hat{i}+(17.28\ N)\,\hat{j}$

(3) $(2.16\times10^{-3}\ N)(\hat{i}+\hat{j})$

(4) $(6.48\times10^{-3}\ N)\,\hat{i}+(8.64\times10^{-3}\ N)\,\hat{j}$

175. A pipe, 30.0 cm long, is open at both ends. Waves from a source of frequency 1.65 kHz, create resonance in the air column of the pipe. The harmonic mode of the pipe that resonates is (speed of sound in air is 330 m/s)

(1) first harmonic

(2) second harmonic

(3) third harmonic

(4) fourth harmonic

173. नीचे दी गयी दो परिस्थितियों पर विचार कीजिए जिनमें कोई स्रोत 900 Hz आवृत्ति की ध्वनियाँ उत्सर्जित करती हैं। वायु में ध्वनि की चाल (v_s) 340 m/s है।

I. स्रोत प्रेक्षक की ओर, जो विराम में है, $v_s/3$ की चाल से गति करती है।

II. प्रेक्षक स्रोत की ओर, जो स्थिर है, $v_s/3$ की चाल से गति कर रहा है।

प्रेक्षक द्वारा सुनी जाने वाली ध्वनियों की दोनों परिस्थितियों में आवृत्तियाँ हैं –

(1) I : 1350 Hz ; II : 1200 Hz

(2) I : 1200 Hz ; II : 1350 Hz

(3) I : 1200 Hz ; II : 1200 Hz

(4) I : 1350 Hz ; II : 1350 Hz

174. दो आवेश A और B, जिनमें A 2μC का और B 3μC का है क्रमशः बिन्दुओं (0, 0) और (3 cm, 4 cm) पर स्थित है। मान लीजिए $\hat{i}$ और $\hat{j}$ X – अक्ष और Y – अक्ष के अनुदिश मात्रक सदिशों को निर्दिष्ट करते हैं। आवेश A द्वारा आवेश B पर आरोपित बल है –

(1) $(21.6\ N)(\hat{i}+\hat{j})$

(2) $(12.96\ N)\,\hat{i}+(17.28\ N)\,\hat{j}$

(3) $(2.16\times10^{-3}\ N)(\hat{i}+\hat{j})$

(4) $(6.48\times10^{-3}N)\,\hat{i}+(8.64\times10^{-3}\ N)\,\hat{j}$

175. 30.0 cm लम्बा कोई पाइप दोनों सिरों से खुला है। 1.65 kHz का कोई स्रोत इस पाइप के वायु-स्तम्भ में अनुनाद उत्पन्न करता है। इस पाइप की संनादी विधा जो इसे अनुनादित करती है, कौन सी है ? (वायु में ध्वनि की चाल 330 m/s है।)

(1) प्रथम संनादी

(2) द्वितीय संनादी

(3) तृतीय संनादी

(4) चतुर्थ संनादी

176. Which of the following graphs represent the magnitude of the electric field as a function of the distance from the centre of a solid charged conducting sphere of radius R ?



(1) (a) (2) (b)
(3) (c) (4) (d)

177. Twenty seven identical spherical raindrops are each at a potential V, relative to the potential far away. They coalesce to make one spherical raindrop. The potential of the drop so formed is
(1) V/9 (2) V/3
(3) 3V (4) 9V

178. An electric dipole of dipole moment $\vec{p}$ is placed in an electric field $\vec{E}$. The torque, exerted by the field on the dipole, is
(1) parallel to both the field and the dipole moment.
(2) perpendicular to both the field and the dipole moment.
(3) parallel to the field and perpendicular to the dipole moment.
(4) parallel to the dipole moment and perpendicular to the field.

176. नीचे दिया गया कौन सा ग्राफ विद्युत क्षेत्र के परिमाण को त्रिज्या R के ठोस आवेशित चालक गोले से दूरी, के फलन के रूप में निरूपित करता है?



(1) (a) (2) (b)
(3) (c) (4) (d)

177. 27 सर्वसम वर्षा की गोलीय बूँदों, जिनमें प्रत्येक का विभव दूर के विभव के सापेक्ष, V है, संलयित होकर एक गोलीय बूँद बनाती हैं। इस प्रकार बनी बूंद का विभव है –
(1) V/9 (2) V/3
(3) 3V (4) 9V

178. द्विध्रुव आघूर्ण $\vec{p}$ का कोई वैद्युत द्विध्रुव किसी विद्युत क्षेत्र $\vec{E}$ में स्थित है। इस द्विध्रुव पर क्षेत्र द्वारा आरोपित बल आघूर्ण है
(1) क्षेत्र और द्विध्रुव आघूर्ण दोनों के समान्तर
(2) क्षेत्र और द्विध्रुव आघूर्ण दोनों के लम्बवत
(3) क्षेत्र के समान्तर तथा द्विध्रुव आघूर्ण के लम्बवत
(4) द्विध्रुव आघूर्ण के समान्तर तथा क्षेत्र के लम्बवत

179. The distance between plates of an isolated charged capacitor is increased by pulling the plates apart. This process
(1) does not affect the capacitance.
(2) does not affect the potential difference.
(3) decreases the potential difference.
(4) increases the potential difference.

180. Consider a parallel plate capacitor of plate area A and plate separation d. A potential difference V_0 is applied between the plates. The battery is then disconnected and a dielectric slab of thickness d/2 and dielectric constant K is placed between the plates, as shown in figure.
The potential difference between the plates after the insertion of slab is V. The ratio V/V_0 is



(1) $\frac{1+K}{2K}$ (2) $\frac{1+K}{K}$
(3) $\frac{2K}{1+K}$ (4) $\frac{K}{1+K}$

181. An electric dipole with dipole moment defined by
$\vec{p} = (4.00\hat{i} + 3.00\hat{j})\,(2.40 \times 10^{-28}\,Cm)$
is placed in an electric field, $\vec{E} = \left(1000\frac{N}{C}\right)\hat{i}$, due to an external agent. The external agent turns the dipole so that its dipole moment now gets defined by
$\vec{P'} = (-3.00\hat{i} + 4.00\hat{j})\,(2.40 \times 10^{-28}\,Cm)$.
The work done by the agent is
(1) 1.68×10^{-24} J
(2) -1.68×10^{-24} J
(3) 3.36×10^{-24} J
(4) -3.36×10^{-24} J

179. किसी वियुक्त संधारित्र की पट्टिकाओं के बीच की दूरी इसकी पट्टिकाओं को एक-दूसरे से दूर खींचकर बढ़ाई गयी है। इस प्रक्रिया से
(1) धारिता प्रभावित नहीं होती।
(2) विभवान्तर प्रभावित नहीं होता।
(3) विभवान्तर कम हो जाता है।
(4) विभवान्तर अधिक हो जाता है।

180. किसी ऐसे समान्तर पट्टिका संधारित्र पर विचार कीजिए जिसकी पट्टिकाओं का क्षेत्रफल A और पट्टिकाओं के बीच पृथकन d है। इन पट्टिकाओं के बीच कोई विभवान्तर V_0 अनुप्रयुक्त किया गया है। इसके पश्चात बैटरी का संबंध विच्छेद करके पट्टिकाओं के बीच मोटाई d/2 और परावैद्युतांक K की कोई पट्टिका आरेख में दर्शाए अनुसार रख दी गयी है।
पट्टिकाओं के बीच परावैद्युतांक की पट्टिका रखने के पश्चात विभवान्तर V है। तब अनुपात V/V_0 है



(1) $\frac{1+K}{2K}$ (2) $\frac{1+K}{K}$
(3) $\frac{2K}{1+K}$ (4) $\frac{K}{1+K}$

181. कोई वैद्युत द्विध्रुव, जिसका द्विध्रुव आघूर्ण इस प्रकार पारिभाषित किया गया है –
$\vec{p} = (4.00\hat{i} + 3.00\hat{j})\,(2.40 \times 10^{-28}\,Cm)$,
किसी बाह्य एजेन्ट के कारण विद्युत क्षेत्र $\vec{E} = \left(1000\frac{N}{C}\right)\hat{i}$, में स्थित। यह बाह्य एजेन्ट इस द्विध्रुव को इस प्रकार घुमाता है कि इसका द्विध्रुव आघूर्ण अब इस प्रकार परिभाषित होता है
$\vec{P'} = (-3.00\hat{i} + 4.00\hat{j})\,(2.40 \times 10^{-28}\,Cm)$
एजेन्ट द्वारा किया गया कार्य है –
(1) 1.68×10^{-24} J
(2) -1.68×10^{-24} J
(3) 3.36×10^{-24} J
(4) -3.36×10^{-24} J

182. Two resistors A (of 12 Ω) and B (of 24 Ω) are connected in parallel to a 6 V battery. The ratio of energy dissipated per unit time in A to that in B is

(1) 1/2 (2) 1
(3) 2 (4) 4

183. Consider two uncharged identical capacitors, A and B. Capacitor A is charged so it stores 8 J of energy. It is disconnected from the battery and connected in parallel to capacitor B. The total energy, stored in the two capacitors, is

(1) 4J (2) 8J
(3) 16J (4) 32J

184. The density of free electrons in gold is 5.90×10^{28} m^{-3}. A gold wire of length 30 cm and cross-sectional area 1.0×10^{-6} m^2 carries a current of 1.18 A. The drift speed of electrons in the wire is close to

(1) 0.125 mm/s (2) 2.4 mm/s
(3) 6.2 mm/s (4) 1.3 cm/s

185. Sixteen identical wires, each of radius r and length l, are connected in parallel. The combination would have the same resistance as a single wire of length l, but of radius

(1) r/4 (2) r/2
(3) 2r (4) 4r

186. Two batteries A and B, each with an emf of 12 V, are connected in parallel by connecting their positive terminals together and connecting their negative terminals together. Battery A has an internal resistance of 1Ω and battery B, 2Ω. The combination is then connected across a 6Ω resistor. The current in 6Ω resistor is

(1) 0.9 A (2) 1.3 A
(3) 1.8 A (4) 2.6 A

182. 6V की किसी बैटरी से दो प्रतिरोधक A(12Ω का) और B (24Ω का) पार्श्व में संयोजित हैं । प्रति एकांक समय में A और B में ऊर्जा क्षयों का अनुपात है

(1) 1/2 (2) 1
(3) 2 (4) 4

183. दो अनावेशित सर्वसम संधारित्रों A और B पर विचार कीजिए । संधारित्र A को आवेशित किया गया है, जिससे यह 8J ऊर्जा संचित कर लेता है । इसका बैटरी से संबंध विच्छेद कर दिया जाता है और इसे पार्श्व में संधारित्र B से संयोजित कर दिया गया है । तब इन दोनों संधारित्रों में संचित कुल ऊर्जा है –

(1) 4J (2) 8J
(3) 16J (4) 32J

184. गोल्ड में मुक्त इलेक्ट्रॉनों का घनत्व 5.90×10^{28} m^{-3} है । 30 cm लम्बे और 1.0×10^{-6} m^2 अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल के किसी गोल्ड के तार से 1.18 A धारा प्रवाहित हो रही है । इस तार में इलेक्ट्रॉनों की अपवाह चाल निम्नलिखित में से किसके निकटतम है ?

(1) 0.125 mm/s (2) 2.4 mm/s
(3) 6.2 mm/s (4) 1.3 cm/s

185. त्रिज्या r और लम्बाई l के 16 सर्वसम तार पार्श्व में संयोजित हैं । इस संयोजन का उतना ही प्रतिरोध होगा जितना लम्बाई l के उस एकल तार का है, जिसकी त्रिज्या है –

(1) r/4 (2) r/2
(3) 2r (4) 4r

186. 12 V emf की दो बैटरियों A और B को इनके धन टर्मिनलों को एक साथ और ऋण टर्मिनलों को एक साथ संयोजित करके पार्श्व में संयोजित किया गया है । बैटरी A का आन्तरिक प्रतिरोध 1Ω और बैटरी B का आन्तरिक प्रतिरोध 2Ω है । इस संयोजन को अब 6Ω के प्रतिरोधक के सिरों से संयोजित किया गया है । 6Ω प्रतिरोधक में प्रवाहित धारा है ।

(1) 0.9 A (2) 1.3 A
(3) 1.8 A (4) 2.6 A

187. In the circuit shown, the current through the 4.0 Ω resistor is



(1) 0.5 A (2) 1.0 A
(3) 1.5 A (4) 2.0 A

188. An electron has an initial velocity of $(4.0\ km/s)\ \hat{j} + (5.0\ km/s)\ \hat{k}$ and a constant acceleration of $(1.00 \times 10^{12}\ m/s^2)\ \hat{i}$ in a region in which uniform electric and magnetic fields are present. If $\vec{B} = (800\ \mu T)\ \hat{i}$, the electric field $\vec{E}$ is (given $m_e = 9.11 \times 10^{-31}$ kg; $q_e = 1.6 \times 10^{-19}$ C)

(1) $(5.7\ \hat{i} + 4.0\ \hat{j} - 3.2\ \hat{k})$ N/C
(2) $(-5.7\ \hat{i} - 4.0\ \hat{j} + 3.2\ \hat{k})$ N/C
(3) $(-5.7\ \hat{i} + 4.0\ \hat{j} - 3.2\ \hat{k})$ N/C
(4) $(5.7\ \hat{i} - 4.0\ \hat{j} - 3.2\ \hat{k})$ N/C

189. A thin copper wire of mass 10 g and length 25 cm carrying a current gets suspended in mid-air by a uniform horizontal magnetic field of 0.2 T. The current in the wire is

(1) 1.20 A (2) 1.54 A
(3) 1.96 A (4) 4.80 A

190. Two long parallel conductors are separated by a distance 2 cm and carry currents 2A and 3A, respectively, in the same directions. The force per unit length experienced by one conductor due to the other, is

(1) 3×10^{-3} N/m, attractive
(2) 3×10^{-3} N/m, repulsive
(3) 6×10^{-5} N/m, attractive
(4) 6×10^{-5} N/m, repulsive

187. दर्शाए गए परिपथ में 4.0 Ω प्रतिरोधक से प्रवाहित धारा है –



(1) 0.5 A (2) 1.0 A
(3) 1.5 A (4) 2.0 A

188. किसी ऐसे क्षेत्र में जहाँ एक समान विद्युत क्षेत्र और चुम्बकीय क्षेत्र विद्यमान हैं, किसी इलेक्ट्रॉन का आरंभिक वेग $(4.0\ km/s)\ \hat{j} + (5.0\ km/s)\ \hat{k}$ तथा नियत त्वरण $(1.00 \times 10^{12} m/s^2)\ \hat{i}$ है। यदि $\vec{B} = (800\ \mu T)\ \hat{i}$ है, तब विद्युत क्षेत्र $\vec{E}$ है (दिया है $m_e = 9.11 \times 10^{-31}$ kg; $q_e = 1.6 \times 10^{-19}$ C)

(1) $(5.7\ \hat{i} + 4.0\ \hat{j} - 3.2\ \hat{k})$ N/C
(2) $(-5.7\ \hat{i} - 4.0\ \hat{j} + 3.2\ \hat{k})$ N/C
(3) $(-5.7\ \hat{i} + 4.0\ \hat{j} - 3.2\ \hat{k})$ N/C
(4) $(5.7\ \hat{i} - 4.0\ \hat{j} - 3.2\ \hat{k})$ N/C

189. कोई धारावाही पतला ताँबे का तार, जिसका द्रव्यमान 10 g तथा लम्बाई 25 cm है, 0.2 T के एकसमान क्षैतिज चुम्बकीय क्षेत्र में बीच-वायु में निलंबित है। ताप में प्रवाहित धारा है

(1) 1.20 A (2) 1.54 A
(3) 1.96 A (4) 4.80 A

190. दो लम्बे समान्तर चालकों के बीच पृथकन 2 cm है और इनमें समान दिशा में क्रमशः 2A और 3A धाराएँ प्रवाहित हो रही हैं। एक चालक द्वारा दूसरे चालक की प्रति एकांक लम्बाई पर आरोपित बल होगा –

(1) 3×10^{-3} N/m आकर्षक
(2) 3×10^{-3} N/m प्रतिकर्षी
(3) 6×10^{-5} N/m आकर्षक
(4) 6×10^{-5} N/m प्रतिकर्षी

191. A 200 turn closely wound circular coil, of radius 10 cm, carrying a current of 1.6 A, is placed in a vertical plane. It is free to rotate about a horizontal axis that coincides with its diameter. A uniform magnetic field of 0.72 T exits in the region and initially the coil axis is parallel to this field. The coil rotates through an angle of 90° under the influence of magnetic field. If the moment of inertia of the coil is 0.1 kg m^2, the angular speed acquired by the coil is (nearly)

(1) 12 rad/s (2) 20 rad/s
(3) 32 rad/s (4) 42 rad/s

192. Which one of the following materials is not ferromagnetic ?

(1) Iron (2) Cobalt
(3) Nickel (4) Aluminium

193. A bar magnet of magnetic moment 1.5 J T^{-1} lies aligned with the direction of a uniform magnetic field of 0.22 T. An external source is applied to turn the magnet so as to align its magnetic moment opposite to the field direction. The work done by the external source is

(1) 0.33 J (2) 0.66 J
(3) 3.3 J (4) 6.6 J

194. A circular wire loop, of radius 0.1 m, lying in the plane of the page, is located in the region of a magnetic field that is perpendicular to the plane of the loop and is directed out of the page. The magnitude of field is given by

$$B = 5.0\,t^2 + 10t + 4$$

where B is in tesla and t is in second. The magnitude and direction of the emf induced in the loop, at t = 5 s, is

(1) 1.9 V, clockwise
(2) 1.9 V, anticlockwise
(3) 3.8 V, clockwise
(4) 3.8 V, anticlockwise

191. त्रिज्या 10 cm की सटाकर लपेटे गए 200 लपेटों की कोई वृत्ताकार कुण्डली, जिससे 1.6 A धारा प्रवाहित हो रही है, ऊर्ध्वाधर तल में रखी है । यह अपने व्यास के संपाती क्षैतिज अक्ष के परितः घूर्णन कर सकता है । इस क्षेत्र में 0.72 T का एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र विद्यमान है, और आरम्भ में कुण्डली का अक्ष इस क्षेत्र के समान्तर है । इस चुम्बकीय क्षेत्र के प्रभाव में यह कुण्डली 90° पर घूम जाती है । यदि कुण्डली का जड़त्व आघूर्ण 0.1 kg m^2 है, तो कुण्डली द्वारा अर्जित कोणीय चाल है (लगभग)

(1) 12 rad/s (2) 20 rad/s
(3) 32 rad/s (4) 42 rad/s

192. निम्नलिखित में से कौन सा पदार्थ लोह चुम्बकीय नहीं है ?

(1) लोहा (आयरन) (2) कोबाल्ट
(3) निकेल (4) एलुमिनियम

193. चुम्बकीय आघूर्ण 1.5 J T^{-1} का कोई छड़ चुम्बक 0.22 T के एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र के सरेखित रखा है । कोई बाह्य स्रोत इस चुम्बक को घुमाने के लिए अनुप्रयुक्त किया गया है, जो इस चुम्बक के चुम्बकीय आघूर्ण को चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा के विपरीत सरेखित करता है । बाह्य स्रोत द्वारा किया गया कार्य है –

(1) 0.33 J (2) 0.66 J
(3) 3.3 J (4) 6.6 J

194. 0.1 m त्रिज्या का तार का कोई वृत्ताकार पाश जो पृष्ठ के तल में है तथा किसी चुम्बकीय क्षेत्र, जो पाश के तल के लम्बवत है और पृष्ठ के बहिर्मुखी निर्दिष्ट है, में स्थित है । इस चुम्बकीय क्षेत्र का परिमाण

$$B = 5.0\,t^2 + 10\,t + 4$$

द्वारा व्यक्त किया गया है, यहाँ B टेसला में तथा t सेकण्ड में है । t = 5s पर इस पाश में प्रेरित emf का परिमाण और दिशा है

(1) 1.9 V दक्षिणावर्त
(2) 1.9 V वामावर्त
(3) 3.8 V दक्षिणावर्त
(4) 3.8 V वामावर्त

195. The mutual inductance between a long straight wire and a square loop of side 'a' as shown in figure is



(1) $\frac{\mu_0 a}{2\pi} \ln\left(1+\frac{a}{x}\right)$

(2) $\frac{\mu_0 a}{4\pi} \ln\left(1+\frac{a}{x}\right)$

(3) $\frac{\mu_0 a}{\pi} \ln\left(1+\frac{a}{x}\right)$

(4) $\frac{2\mu_0 a}{\pi} \ln\left(1+\frac{2a}{x}\right)$

196. A square loop, with an ideal battery of 5 V, is present in a uniform magnetic field. The field is directed normally into the plane of the page (loop) and is decreasing in magnitude at the rate of 120 T/s. The resistance of the loop is 10 Ω. The current, in the loop is



(1) 0.23 A

(2) 0.47 A

(3) 0.77 A

(4) 0.90 A

195. किसी लम्बे सीधे तार और भुजा a के वर्गाकार पाश, जो आरेख में दर्शाए अनुसार स्थित हैं, के बीच अन्योन्य प्रेरकत्व है



(1) $\frac{\mu_0 a}{2\pi} \ln\left(1+\frac{a}{x}\right)$

(2) $\frac{\mu_0 a}{4\pi} \ln\left(1+\frac{a}{x}\right)$

(3) $\frac{\mu_0 a}{\pi} \ln\left(1+\frac{a}{x}\right)$

(4) $\frac{2\mu_0 a}{\pi} \ln\left(1+\frac{2a}{x}\right)$

196. 5V की बैटरी सहित कोई वर्ग पाश किसी एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र में विद्यमान है। क्षेत्र पृष्ठ (पाश) के तल के अभिलम्बवत भीतर की ओर दिशिक है और इसका परिमाण 120 T/s की दर से घट रहा है। पाश का प्रतिरोध 10 Ω है। इस पाश में धारा है –



(1) 0.23 A

(2) 0.47 A

(3) 0.77 A

(4) 0.90 A

197. A rod with reistance R lies across frictionless conducting rails in a uniform magnetic field $\vec{B}$, as shown. The rails have neglegible resistance. The force, that must be applied to the rod to pull it to right at a constant speed v, is



(1) $BL\,v/R$ (2) $B^2L\,vx/R$
(3) $B^2L^2\,v/R$ (4) $BL\,v$

198. A solenoid, 90.0 cm long, has a cross-sectional area of 20.0 cm^2. It has 900 turns of wire and carries a current of 5.0 A. The total energy stored in the magnetic field of the solenoid, neglecting end effects, is (nearly)

(1) 1.21×10^{-4} J (2) 2.32×10^{-3} J
(3) 2.83×10^{-2} J (4) 0.53 J

199. An ac voltage is applied to a pure inductor. The current in the circuit lags the voltage by

(1) one-fourth of a cycle
(2) one-half of a cycle
(3) three-fourth of cycle
(4) one cycle

200. A sinusoidal voltage, of $E_{rms} = 200$ V and frequency 50 Hz, is applied to a series LCR circuit which contains a resistor with R = 3 Ω, an inductor with $X_L = 8$ Ω, and a capacitor with $X_C = 4$ Ω. The average rate, at which energy is dissipated in the resistor, is

(1) 240 W (2) 480 W
(3) 2400 W (4) 4800 W

197. प्रतिरोध R की कोई छड़ घर्षणहीन चालक पटरियों पर किसी एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र $\vec{B}$ में, आरेख में दर्शाए अनुसार रखी है । पटरियों का प्रतिरोध उपेक्षणीय है । नियत चाल v से खींचने के लिए छड़ पर आरोपित बल होना चाहिए –



(1) $BL\,v/R$ (2) $B^2L\,vx/R$
(3) $B^2L^2\,v/R$ (4) $BL\,v$

198. 90.0 cm लम्बी किसी परिनालिका की अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल 20.0 cm^2 है । इसमें तार की 900 लपेटें है और इससे 5.0 A धारा प्रवाहित हो रही है । परिनालिका के चुम्बकीय क्षेत्र में संचित कुल ऊर्जा, अन्त्य प्रभाव की उपेक्षा करते हुए, है (लगभग)

(1) 1.21×10^{-4} J (2) 2.32×10^{-3} J
(3) 2.83×10^{-2} J (4) 0.53 J

199. किसी शुद्ध प्रेरक पर कोई ac वोल्टता अनुप्रयुक्त की गयी है । परिपथ में धारा वोल्टता से पश्च है –

(1) चक्र की एक चौथाई
(2) चक्र की आधी
(3) चक्र की तीन चौथाई
(4) एक चक्र

200. किसी LCR श्रेणी परिपथ, जिसमें प्रतिरोधक R = 3Ω, प्रेरक $X_L = 8\Omega$ तथा संधारित्र $X_C = 4\Omega$ संयोजित हैं, पर 50 Hz आवृत्ति की कोई ज्यावक्रीय वोल्टता, $E_{rms} = 200$V अनुप्रयुक्त की गयी है । प्रतिरोधक में ऊर्जा क्षय की औसत दर है –

(1) 240 W (2) 480 W
(3) 2400 W (4) 4800 W